...ालय उपखण्ड अधिकारी देवली जिला टोंक

...ा – 406 / 2020 निर्णय दिनांक :– 14.01.2021

...प्रार्थना पत्रः–

1. पा...स दत्तक पुत्र अम्बालाल जाति गुर्जर निवासी कंवरपुरा तहसील देवली जिला टोंक राज0
2. शिमला पत्नी पारस जाति गुर्जर निवासी कंवरपुरा तहसील देवली जिला टोंक राज0

–प्रार्थी पक्ष–

बनाम

तहसीलदार देवली जिला टोंक राज0

–अप्रार्थी पक्ष–

प्रार्थना–पत्र पत्थगढी बाबत् अन्तर्गत धारा 128 लेण्ड रेवेन्यू एक्ट

आदेश

पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया, अधिवक्ता प्रार्थी को सुना गया। तहसीलदार देवली की रिपोर्ट अनुसार आराजी **खाता संख्या 91 खसरा नम्बर 1174 / 1132 रकबा 0.25 है0** वाके ग्राम कंवरपुरा तहसील देवली जिला टोंक प्रार्थी पक्ष की खातेदारी व कब्जेकाश्त की आराजी भूमि है। उक्त भूमि पर किसी न्यायालय का स्थगन आदेश नही है व पडोसी खातेदारों से विवाद है, परन्तु अधिवक्ता प्रार्थी के कथनानुसार किसी भी पडोसी खातेदार से विवाद नही है।

अतः जमाबन्दी सम्वत **2074–77** में अंकित **खाता संख्या 91 खसरा नम्बर 1174 / 1132 रकबा 0.25 है0** वाके ग्राम कंवरपुरा की विधिवत् पत्थरगढी की जाने हेतु तहसीलदार देवली को मौका कमिश्नर बनाया जाता है और मौका कमिश्नर फीस 1000 / – रू0 निर्धारित की जाकर एतत्द्वारा आदेशित किया जाता है कि प्रार्थी से पत्थरगढी कॉस्ट राशि नियमानुसार सीमाज्ञान शुल्क जमाकर उक्तानुसार पालना की जावे एवं पत्थरगढी करते समय अतिक्रमित राजकीय भूमि को मुक्त कराना सुनिश्चित करे ।

निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल की जाती है।

(भारत भूषण गोयल)
उपखण्ड अधिकारी
देवली